# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 04 | बिजौलिया - सोमवार, 27 जुलाई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## राजस्थान रोडवेज को मिली नई रफ्तार, 144 ब्लू लाइन एक्सप्रेस बसें जनता को समर्पित

### सीएम भजनलाल बोले- प्रदेश के हर कोने तक पहुंचेगी रोडवेज सेवा, आधुनिक सुविधाओं से लैस बसों का बेड़ा बढ़ा






भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए राजस्थान रोडवेज के बेड़े में एक साथ 144 नई ब्लू लाइन एक्सप्रेस बसें शामिल की हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर के अजमेर रोड स्थित हीरापुरा बस टर्मिनल से इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजस्थान जैसे विशाल राज्य में आमजन को सुरक्षित, सुगम और आधुनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसी सोच के तहत लगातार रोडवेज का विस्तार किया जा रहा है, ताकि प्रदेश का कोई भी क्षेत्र बस सेवा से वंचित न रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई बसों का संचालन प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव देगा। उन्होंने आमजन से इन सेवाओं का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि सरकार परिवहन व्यवस्था को आधुनिक तकनीक और बेहतर सुविधाओं से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है।

उन्होंने रोडवेज की वित्तीय स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि लंबे समय तक घाटे में रहने वाला राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम अब पहली बार मुनाफे की स्थिति में पहुंचा है। इससे निगम की कार्यप्रणाली मजबूत हुई है और कर्मचारियों को भी समय पर वेतन मिलना सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व में कर्मचारियों को कई-कई महीनों तक वेतन का इंतजार करना पड़ता था, जबकि अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है।

मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि का श्रेय उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा को देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में रोडवेज ने घाटे से बाहर निकलकर नई दिशा प्राप्त की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में रोडवेज और अधिक सशक्त होकर प्रदेशवासियों को बेहतर सेवाएं देगा।

नई शामिल की गई 144 ब्लू लाइन 3म2 एक्सप्रेस बसों को प्रदेश के 22 रोडवेज डिपो में आवंटित किया गया है। सभी बसें बीएस-6 उत्सर्जन मानकों के अनुरूप हैं और यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा को ध्यान में रखकर आधुनिक तकनीक से सुसज्जित की गई हैं। इनमें मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, एलईडी गंतव्य डिस्प्ले, इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट (ECU) तथा व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम (VLTS) जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे बसों की रियल टाइम मॉनिटरिंग संभव होगी।

यात्रियों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रत्येक बस में पैनिक बटन तथा दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। महिला यात्रियों के लिए आगे की छह सीटें आरक्षित रखी गई हैं, जिन्हें पिंक रंग से अलग पहचान दी गई है। वहीं, आपात स्थिति में यात्रियों की सुरक्षित निकासी के लिए पहली बार रोडवेज की सीटिंग बसों में साइड इमरजेंसी गेट के साथ छत पर दो इमरजेंसी हैच भी उपलब्ध कराए गए हैं।

कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2,500 महिलाओं को हेलमेट भी वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित यात्रा ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

## 7 दिन से लापता फाइनेंसर की हत्या, हाथ-पैर बांध सीमेंट के पोल के साथ कुएं में फेंका शव

### बागोर क्षेत्र में सनसनी; शव को पानी में डुबाए रखने के लिए बांधा भारी सीमेंट पोल, ब्याज के लेन-देन को लेकर हत्या की आशंका





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचंद पेसवानी**

जिले के बागोर थाना क्षेत्र में रविवार को सात दिनों से लापता 78 वर्षीय फाइनेंसर शोभाराम जैन का शव मदनपुर गांव के समीप एक कुएं से बरामद होने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। हत्यारों ने हत्या के बाद शव के हाथ-पैर बांध दिए, मुंह पर कपड़ा बांधा और खेतों की बाड़बंदी में उपयोग होने वाला भारी सीमेंट का पोल बांधकर कुएं में फेंक दिया, ताकि शव लंबे समय तक पानी की सतह पर न आ सके।

मृतक बागोर थाना क्षेत्र के बावलास गांव निवासी शोभाराम जैन 19 जुलाई से लापता थे। वे पाली जिले के सिरियारी जैन तीर्थ से लौटने के बाद घर नहीं पहुंचे थे। परिजनों की तलाश के बाद 22 जुलाई को उनके पुत्र भैरूलाल जैन ने बागोर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

रविवार सुबह मदनपुर गांव के पास स्थित एक कुएं में ग्रामीणों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। बागोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव गहरे पानी में फंसा होने से जेसीबी और क्रेन की मदद से दोपहर में बाहर निकाला गया। शव की हालत देखकर मौके पर मौजूद लोग सन्न रह गए।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हत्या पूरी योजना के तहत की गई। शव को लंबे समय तक छिपाने के उद्देश्य से सीमेंट का पोल बांधकर कुएं में डाला गया था। हालांकि समय बीतने के साथ शव ऊपर आने लगा, जिससे वारदात का खुलासा हो गया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर एफएसएल रिपोर्ट सहित अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जाएगी।

बागोर थानाधिकारी बच्छराज ने बताया कि मृतक क्षेत्र में ब्याज पर रुपए उधार देने का कार्य करते थे। प्रारंभिक तौर पर रुपए के लेन-देन या उधारी विवाद को हत्या का संभावित कारण माना जा रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल, मृतक के संपर्कों और आर्थिक लेन-देन की जानकारी जुटा रही है। परिजनों और परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि हत्या की गुत्थी जल्द सुलझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं ग्रामीणों और समाज के लोगों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। सात दिन बाद इस तरह शव मिलने से पूरे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

## कोटड़ी भट्टी कांड में तीन साल बाद पटवारी बर्खास्त, जिलेभर में विरोध; हड़ताल की चेतावनी





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचंद पेसवानी**

तहसील के गिरड़िया पटवार हल्के के नरसिंहपुरा गांव में 2 अगस्त 2023 को हुए बहुचर्चित कोटड़ी कोयला भट्टी कांड में करीब तीन वर्ष बाद जिला प्रशासन ने तत्कालीन पटवारी हरदेव बैरवा को राजकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद जिलेभर के पटवारी और कानूनगो संगठनों में भारी नाराजगी फैल गई है। राजस्थान कानूनगो एवं पटवार संघ ने इसे एकतरफा कार्रवाई बताते हुए आंदोलन का ऐलान किया है, वहीं कर्मचारी अधिकारी विकास संस्थान ने भी पटवारी के समर्थन में उतरने की घोषणा की है।

जिला प्रशासन की ओर से 22 जुलाई 2026 को जारी आदेश के बाद संघ की आपात बैठक में निर्णय लिया गया कि सोमवार को जिले के सभी उपखंड मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारियों के माध्यम से जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो बुधवार से जिलेभर के पटवारी और कानूनगो पूर्ण कार्य बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। संघ का कहना है कि हड़ताल से राजस्व कार्य प्रभावित होने की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



इधर कर्मचारी अधिकारी विकास संस्थान की बैठक भी भीलवाड़ा के अंबेडकर भवन (पुर) में आयोजित हुई, जिसमें पटवारी हरदेव बैरवा के समर्थन में सोमवार शाम 4 बजे जिला कलक्ट्रेट पर ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। संस्थान ने अधिक से अधिक कर्मचारियों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।

### पटवारी बोले- मुझे बलि का बकरा बनाया गया

सेवा से बर्खास्त किए गए पटवारी हरदेव बैरवा ने सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया था और जांच में तहसील व उपखंड प्रशासन ने उन्हें निर्दोष माना था। इसके बावजूद उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। बैरवा ने बताया कि बर्खास्तगी की जानकारी मिलने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में उन्हें हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद स्टेंट डलवाया गया। स्वास्थ्य लाभ के बाद 1 जून 2026 को उनकी नई पोस्टिंग हुई थी, लेकिन दो माह के भीतर ही उन्हें सेवा से हटा दिया गया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### प्रदेशभर में चर्चा में रहा था कोटड़ी भट्टी कांड

उल्लेखनीय है कि 2 अगस्त 2023 को नरसिंहपुरा गांव में एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर शव को कोयला भट्टी में डालने की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। घटना के विरोध में कई दिनों तक धरना-प्रदर्शन और सड़क जाम हुए थे। ग्रामीणों व सामाजिक संगठनों ने दोषियों की गिरफ्तारी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

अब तीन वर्ष बाद पटवारी पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई ने इस मामले को फिर सुर्खियों में ला दिया है। एक ओर प्रशासन अपने निर्णय पर कायम है, वहीं कर्मचारी संगठन इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए आंदोलन की राह पर हैं।

यदि हड़ताल होती है तो नामांतरण, सीमांकन, फसल गिरदावरी सहित अन्य राजस्व कार्य प्रभावित होने की संभावना है।

## लोक परिवहन बस और स्कूटी की टक्कर, 75 वर्षीय महिला गंभीर घायल






भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।

**सांवर वैष्णव**

नेशनल हाईवे-758 पर रविवार को कुड़ी चौराहा और सोपुरा चौराहा के बीच लोक परिवहन बस और स्कूटी की भिड़ंत में एक वृद्ध महिला घायल हो गई। सूचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया।

कांस्टेबल मुकेश कुमार ने बताया कि भीलवाड़ा से मांडलगढ़ जा रही लोक परिवहन बस की सामने से आ रही स्कूटी से एक होटल के पास टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार बोर्डियास निवासी बाली (75) पत्नी बंशी प्रजापत घायल हो गईं। उन्हें 108 एंबुलेंस की सहायता से प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया। पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शाहपुरा के एडवोकेट विनोद सनाढ्य बने विहिप के सह जिला मंत्री-विश्व हिंदू परिषद चित्तौड़ प्रांत की प्रांतीय बैठक संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**



विश्व हिंदू परिषद, चित्तौड़ प्रांत की प्रांतीय बैठक फतेहनगर में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी छह माह की कार्ययोजना और नए दायित्वों को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। इस दौरान विभिन्न जिलों एवं प्रखंडों में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से नए पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई।
विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अजित जोशी ने बताया कि प्रांतीय बैठक प्रत्येक छह माह में आयोजित की जाती है। इसमें संगठन के कार्यों की समीक्षा, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ-साथ प्रखंड स्तर तक संगठन के विस्तार और कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपने पर विचार-विमर्श किया जाता है।
बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार शाहपुरा के एडवोकेट विनोद सनाढ्य को विश्व हिंदू परिषद का सह जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं रूपेश सेन (बिगोद) को बजरंग दल जिला संयोजक तथा महावीर खटीक (मांडलगढ़) को सह जिला संयोजक का दायित्व सौंपा गया। नई जिम्मेदारियों की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। बैठक में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा सेवा, सुरक्षा और संस्कार आधारित गतिविधियों को गति देने पर भी जोर दिया गया।
प्रांतीय बैठक में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाने का संकल्प लिया।

# बिजौलिया पुलिस का नया प्लानः अब युवा और महिलाएं भी संभालेंगी कानून व्यवस्था में अहम भूमिका

### सीएलजी बैठक में मोहर्रम-कांवड़ यात्रा की तैयारियों पर मंथन, साइबर फ्रॉड, सोशल मीडिया और महिला सुरक्षा पर फोकस

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**





आगामी मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया कि क्षेत्र में जल्द ही यूथ सीएलजी टीम और महिला विंग का गठन किया जाएगा, जिससे कानून व्यवस्था और जनजागरूकता को और मजबूत किया जा सके।
बैठक में साइबर फ्रॉड से बचाव, सोशल मीडिया पर अफवाहों की रोकथाम, महिला सुरक्षा, बच्चों को गुड टच-बैड टच की जानकारी देने और चोरी रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। बारिश के दौरान तेज बहाव वाले क्षेत्रों से लोगों को दूर रखने के लिए भी जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।
सीएलजी सदस्य शक्तिनारायण शर्मा ने कस्तूरबा छात्रावास में छात्राओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस से समन्वय बढ़ाने और सुनील जोशी ने तेजाजी चौक पर बीच सड़क स्थित विद्युत पोल को हटाने की मांग रखी। बैठक में एएसआई सुनील कुमार बेनीवाल, हेड कांस्टेबल राजूलाल , शक्तिनारायण शर्मा , अनिल , असलम खोखर , रमेश गुरुजी , मुश्ताक , अब्दुल हमीद एवं राजेंद्र तंवर सहित सीएलजी के कई सदस्य मौजूद रहे।

## गौ सम्मान अभियान के तहत आज निकलेगी संकीर्तन रैली, कलेक्ट्रेट पर सौंपेंगे प्रार्थना पत्र

### जिलेभर से बसों और निजी वाहनों से पहुंचेंगे हजारों गौभक्त, हरिसेवा वाटिका से होगा रैली का शुभारंभ



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

गौ सम्मान अभियान के द्वितीय चरण के तहत आज भीलवाड़ा में हजारों गौभक्त संकीर्तन रैली निकालकर जिला कलक्टर को प्रार्थना पत्र सौंपेंगे। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न तहसीलों से बसों एवं अन्य वाहनों के माध्यम से बड़ी संख्या में गौभक्त शामिल होंगे।
जिला प्रचारक संत श्री लालजी महाराज ने बताया कि प्रातः 7 से 8 बजे तक हरिसेवा वाटिका में अल्पाहार, 8 से 9 बजे तक संगीतमय विजय मंत्र का सामूहिक जाप तथा 9 से 10 बजे तक महामंडलेश्वरों के मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन का कार्यक्रम होगा। इसके बाद संकीर्तन प्रार्थना रैली हरिसेवा वाटिका से रवाना होकर सीतारामजी की बावड़ी, सूचना केंद्र चौराहा, बालाजी मार्केट, गोल प्याऊ, अंबेडकर सर्किल और मशीनरी मार्केट होते हुए जिला कलक्ट्रेट पहुंचेगी, जहां प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा।
अभियान के जिला समन्वयक सुनील जागेटिया, संभाग प्रभारी नंदकिशोर साहू एवं जिला प्रभारी जगदीश तेली ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी भाग लेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विधायक अशोक कुमार कोठारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर विभिन्न कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

## रामधाम में इंद्रदेव को रिझाने के लिए विशेष शिव आराधना, दुग्धाभिषेक, पूजा-अर्चना आयोजित

### 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव, 30 से चातुर्मास में प्रतिदिन गूंजेंगे श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट की ओर से रामधाम के शिवालय में आस्था का सैलाब उमड़ा। अवसर था इंद्रदेव को रिझाने के लिए आयोजित विशेष पूजा-अर्चना व दुग्धाभिषेक का। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार तथा बम-बम भोले के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बन गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान भैरूलाल अजमेरा एवं उनकी धर्मपत्नी रेखा अजमेरा ने भगवान शिव का दूध, दही, घी, शहद, इत्र और पुष्पों से विधिवत अभिषेक कर भव्य श्रृंगार किया। पंडित रामू, गोविंद, कमलेश, प्रेम एवं पंडित शुक्ला के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने राम-रामेश्वर के दर्शन कर प्रदेश में समय पर अच्छी वर्षा, समृद्धि और जनकल्याण की मंगलकामना की। ट्रस्ट के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश मानसिंहका एवं सचिव अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला के तहत 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। प्रातः 9.30 बजे संस्थापक ब्रह्मलीन तपोनिष्ठ स्वामी प्रत्यक्षानंद महाराज की प्रतिमा के समक्ष विशेष पूजा-अर्चना, वंदना एवं गुरु पूजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई से रामधाम में भव्य चातुर्मास महोत्सव का शुभारंभ होगा। शंकर मठ (आबू पर्वत) के स्वामी हरि तीर्थ जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन के दौरान प्रतिदिन प्रातः 9 से 10 बजे तक श्रीमद्भगवद्गीता पर विशेष प्रवचन होंगे। साथ ही गीता के श्लोकों का भावार्थ और जीवनोपयोगी संदेश भी श्रद्धालुओं को प्रदान किया जाएगा।
रामधाम में धार्मिक गतिविधियों के साथ सामाजिक सरोकारों का निर्वहन भी निरंतर किया जा रहा है। ललित हेड़ा के नेतृत्व में नियमित रामचरितमानस पाठ तथा कन्हैयालाल मुंदड़ा के सानिध्य में श्रीमद्भगवद्गीता के शुद्ध उच्चारण का सामूहिक पाठ नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त संस्थान द्वारा पक्षी सेवा, गौ सेवा, संत सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्रद्धालुओं को तुलसी के पौधों का वितरण भी किया जा रहा है। ट्रस्ट का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में सेवा, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण की भावना को भी सुदृढ़ करना है। आयोजन की व्यवस्थाओं में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष हेमंत मानसिंहका, दीपक मानसिंहका सहित अनेक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे रहे।
श्रद्धालुओं ने रामधाम में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान की सराहना करते हुए आगामी गुरु पूर्णिमा एवं चातुर्मास महोत्सव में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का संकल्प व्यक्त किया।

## कारगिल विजय दिवस पर रक्तदान शिविर, 31 यूनिट रक्तदान कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटडी।**



सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन भीलवाड़ा, कामधेनु सेना एवं ग्राम दौलतपुरा के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दौलतपुरा में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 31 यूनिट रक्त संग्रहित कर देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि रक्तदान शिविर संस्था के 'हर पंचायत, रक्त पंचायत' अभियान के तहत आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ अमित मणियार, शिवप्रकाश इन्दौरिया, जगदीश राणावत एवं भैरूलाल लक्षकार ने दीप प्रज्वलित कर तथा शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया।
शिविर प्रभारी एवं कामधेनु सेना के जिला अध्यक्ष नारायणलाल कुमावत ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। इस दौरान मदन खटोड़, बंटी शर्मा, विष्णु वैष्णव, राधाकिशन गुर्जर, सुरेंद्र कानावत, हेमेंद्र वैष्णव, मनीष कुमावत, जगदीश बलाई, रणजीत माली, किशन, मुकेश कुमावत, प्रधान लुहार, मुकेश जाट, भागचंद जाट, चंदप्रकाश जाट, नारायण खटोड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने वाली दिव्यांशा सोमानी का सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



कथक नृत्य में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने वाली नृत्यांगना दिव्यांशा सोमानी का अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति ने सम्मान किया। समिति अध्यक्ष मधु लढ़ा के नेतृत्व में आयोजित समारोह में दिव्यांशा को मेवाड़ी पगड़ी, उपरणा, स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।
दिव्यांशा ने कथक के नौ नवरसों की प्रस्तुति महज 4.22 सेकंड में देकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान बनाया है। समिति पदाधिकारियों ने उनकी उपलब्धि को भीलवाड़ा और मारवाड़ी समाज के लिए गौरव बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।
दिव्यांशा ने इस सम्मान के लिए समिति का आभार व्यक्त करते हुए अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों एवं शुभचिंतकों को दिया।

## 'एक पौधा-एक अग्रवाल' अभियान के तहत किया पौधारोपण

### अग्रवाल समाज ने पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के तहत अग्रवाल समाज संपत्ति ट्रस्ट की ओर से अग्रसेन मांगलिक भवन, आजाद नगर परिसर में 'एक पौधा-एक अग्रवाल' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
कार्यक्रम में ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। ट्रस्ट अध्यक्ष पवन खेमका ने कहा कि यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का जन अभियान है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का आह्वान किया।
इस अवसर पर ट्रस्टी रवि नरेडी, प्रहलाद बंसल, पूर्व ट्रस्टी गोविंद एवं ललित, रमेश गर्ग, सुनील क्याल, पवन नाथानी, अभिषेक नाथानी, नीलेश, सावरिया, आशीष, कृष्णकांत, विनय पंसारी सहित अनेक अग्रबंधुओं ने पौधारोपण कर अभियान में भाग लिया।

## दुर्गा वाहिनी की प्रांतीय संयोजिका बनीं आसींद की प्रीति साहू, क्षेत्र में खुशी की लहर

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**



विश्व हिंदू परिषद की आक्रामक और युवा महिलाओं की अग्रणी इकाई दुर्गा वाहिनी की प्रांतीय कार्यकारिणी में आसींद निवासी प्रीति साहू को प्रांतीय संयोजिका के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से आसींद क्षेत्र सहित पूरे भीलवाड़ा जिले के दुर्गा वाहिनी कि बहनों व कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष का माहौल है।

**बालिकाओं को सिखाती हैं आत्मरक्षा के गुण**

नवनियुक्त प्रांतीय संयोजिका प्रीति साहू लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। वह आसींद क्षेत्र और भीलवाड़ा जिले में आयोजित होने वाले दुर्गा वाहिनी के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और वैचारिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं। इसके साथ ही, वह बालिकाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) के गुण भी सिखाती हैं, जिससे क्षेत्र की युवा युवतियों में उनके प्रति विशेष सम्मान और उत्साह है। प्रीति साहू को प्रांतीय संयोजिका बनाए जाने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और विहिप-बजरंग दल पदाधिकारी , दुर्गा वाहिनी बहनों के ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और संगठन के विस्तार की कामना की है।




QUICK BITES

## प्रांतीय तैलिक साहू महासभा की जिला कार्यकारिणी का विस्तार, चार पदाधिकारियों को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



**मूलचन्द पेसवानी**

राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा, जयपुर ने संगठन को अधिक मजबूत और सक्रिय बनाने की दिशा में भीलवाड़ा शहर जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए चार समाजसेवियों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे हैं। प्रदेशाध्यक्ष देवीलाल साहू की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष कैलाश चंद्र आसरवा ने नई नियुक्तियों की घोषणा की।

जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार भवानी नगर निवासी शंकर लाल गेरोटिया को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, दादाबाड़ी निवासी श्याम लाल बाथरा को जिला महामंत्री, शास्त्री नगर निवासी लालाराम ढाकरिया को जिला उपाध्यक्ष तथा ज्योति नगर निवासी जगदीश चंद्र गुटकणिया को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है।

इन नियुक्तियों के बाद तेली समाज के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। समाजजनों ने इसे संगठन को नई ऊर्जा देने वाला निर्णय बताते हुए कहा कि अनुभवी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलने से महासभा की गतिविधियों को गति मिलेगी।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने प्रदेश नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने समाज की एकता, संगठन की मजबूती तथा सामाजिक हितों के संरक्षण और विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प दोहराया।

महासभा के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव, कार्यशैली और समाजसेवा की भावना से संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा भीलवाड़ा जिले में प्रांतीय तैलिक साहू महासभा का जनसंपर्क और सामाजिक प्रभाव और अधिक बढ़ेगा।

## मांडलगढ़ में सीएलजी बैठक में अपराध नियंत्रण, जनसहयोग और राजकॉप सिटीजन ऐप के उपयोग पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, अपराध नियंत्रण तथा पुलिस-जन सहयोग को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर उन्हें कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका देने की योजना पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए डिप्टी योगेश शर्मा एवं थाना प्रभारी राजकुमार नायक ने कहा कि पुलिस और आमजन के बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने नागरिकों से पुलिस का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने की अपील की।

इस दौरान अधिकारियों ने राजकॉप सिटीजन ऐप की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से आम नागरिक घर बैठे पुलिस से जुड़ी विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से ऐप डाउनलोड कर उसका नियमित उपयोग करने का आग्रह किया।

बैठक में विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य, भाजपा महामंत्री मुकेश व्यास, के.पी. सिंह, भवानीशंकर माली, महावीर ब्रह्मभट्ट, मुकेश मीणा सहित सीएलजी सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




# युवाओं में रामभक्ति और राष्ट्रभक्ति का जागरण समय की सबसे बड़ी जरूरत : आचार्य रामदयालजी महाराज

### विश्व शाति एवं कल्याण चातुर्मास में दिया संदेश, पॉलीथिन त्यागकर गौसेवा और सत्संग से जुड़ने का किया आह्वान





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचंद पेसवानी।** अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर एवं जगद्गुरु आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने कहा कि राष्ट्र और समाज को सशक्त बनाने के लिए युवाओं में रामभक्ति और राष्ट्रभक्ति के संस्कार विकसित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संत का जीवन स्वयं के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए समर्पित होता है।

वे रविवार को भीलवाड़ा रामद्वारा में विश्व शांति एवं कल्याण चातुर्मास के तहत आयोजित दैनिक सत्संग को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रवर्तक स्वामी रामचरणजी महाराज का संदेश था 'सुमिरन राम नाम का करें और सेवा राष्ट्र की करें।' राष्ट्र सेवा सर्वोच्च साधना है और इससे बड़ा कोई धर्म नहीं हो सकता।

आचार्यश्री ने कहा कि भीलवाड़ा की धरती रामभक्ति और सनातन संस्कृति की मजबूत परंपरा से जुड़ी रही है। भगवान श्रीराम के आदर्श अनुशासन, सेवा और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देते हैं, इसलिए युवाओं को आधुनिकता के साथ अपने सांस्कृतिक मूल्यों को भी अपनाना चाहिए।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और गौसेवा का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं से पॉलीथिन का उपयोग बंद करने की अपील की। कहा कि सड़कों पर फेंकी जाने वाली पॉलीथिन गौवंश के लिए घातक साबित हो रही है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह गौवंश की रक्षा में अपनी भूमिका निभाए।

आचार्य रामदयालजी महाराज ने कहा कि सद्गुरु का सान्निध्य जीवन को सही दिशा देता है और भजन-सत्संग से ही मनुष्य अज्ञान, मोह और पापों से मुक्ति प्राप्त कर सकता है। सत्संग का वास्तविक लाभ तभी मिलता है, जब व्यक्ति तन के साथ मन से भी उसमें सहभागी बने।

उन्होंने श्रद्धालुओं से प्रतिदिन भजन और सत्संग में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि भीलवाड़ा रामद्वारा आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है, जहां प्रतिदिन रामनाम का स्मरण पूरे वातावरण को पवित्र बनाता है।

सत्संग से पूर्व संत मनोरथरामजी आलोट ने श्रीरामचरितमानस पर आधारित प्रवचन दिया, जबकि कोटा से पधारे संत प्रीतमरामजी ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में आचार्यश्री की आरती उतारी गई।

चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन सुबह 8:30 से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ, सुबह 9 से 10 बजे तक दैनिक सत्संग, दोपहर 3 से 5 बजे तक राम नाम साधना मंडल की ओर से 'श्वासों-श्वास राम नाम' भजन तथा सूर्यास्त के समय संध्या आरती का नियमित आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में भीलवाड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण और सड़क पर खड़े वाहनों से शक्करगढ़ में बिगड़ी यातायात व्यवस्था, रोडवेज बसें गाँव में आना बंद

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।



कस्बे की मुख्य सड़क पर बढ़ते अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ दुकानदारों ने सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण कर लिया है, जबकि दिनभर बाइक, जीप और अन्य वाहन सड़क पर ही खड़े रहने से मार्ग संकरा हो जाता है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण राजस्थान रोडवेज की बसें अब गाँव के अंदर आने के बजाय बस स्टैंड से सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) की ओर निकल जाती हैं। इससे गाँव के यात्रियों, बुजुर्गों, महिलाओं, विद्यार्थियों तथा दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है और काफी असुविधा होती है।ग्रामीणों ने बताया कि संकरी सड़क के कारण हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है तथा कई बार जाम की स्थिति भी पैदा हो जाती है। लोगों ने प्रशासन से मुख्य सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाने, अवैध पार्किंग पर रोक लगाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग की है, ताकि रोडवेज बसों का गाँव के अंदर पुनः संचालन शुरू हो सके और आमजन को राहत मिल सके।

# कोटड़ी में आज होगा रविन्द्र मुनि का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश, सुबह 9 बजे निकलेगी भव्य शोभायात्रा

### शीतल भवन में होगा मंगल प्रवेश, चारभुजानाथ मंदिर प्रांगण में धर्मसभा आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

**राजेंद्र बबलू पोखरणा**

धर्मनगरी कोटड़ी सोमवार को आध्यात्मिक उल्लास का साक्षी बनेगी। मेवाड़ गौरव एवं प्रखर वक्ता पूज्य गुरुदेव श्री रविन्द्र मुनि जी महाराज साहब अपने दीक्षा जीवन के 24वें चातुर्मास के लिए कोटड़ी में मंगल प्रवेश करेंगे। इसे लेकर जैन समाज सहित क्षेत्रभर के श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है तथा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मंगल प्रवेश के अवसर पर सुबह 9 बजे भगवानपुरा मार्ग स्थित पारस वाटिका से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सदर बाजार स्थित शीतल भवन पहुंचेगी, जहां मंगलपाठ के साथ गुरुदेव का मंगल प्रवेश होगा। इसके बाद श्री चारभुजानाथ मंदिर प्रांगण में धर्मसभा आयोजित की जाएगी।

पूज्य श्री रविन्द्र मुनि जी महाराज का यह 24वां चातुर्मास है। उन्होंने मेवाड़, मारवाड़ और मालवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में धर्मप्रभावना करते हुए हजारों श्रद्धालुओं को धर्म, संयम, संस्कार और सदाचार का संदेश दिया है। अपनी प्रभावशाली वाणी के कारण वे देशभर में 'मेवाड़ गौरव' और 'प्रखर वक्ता' के रूप में विशेष पहचान रखते हैं।

चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन प्रवचन, स्वाध्याय, तप-आराधना, धर्मसभा, युवा एवं महिला प्रेरणा कार्यक्रम सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे।

श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा, श्री शीतल वेणी मोहन चातुर्मास समिति के अध्यक्ष शांति लाल पोखरना, श्री यश सिद्ध महिला मंडल की अध्यक्ष अंजू लोढ़ा तथा श्री महावीर नवयुवक मंडल के अध्यक्ष ऋषभ लोढ़ा ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मंगल प्रवेश एवं धर्मसभा का लाभ लेने की अपील की है।



# गंगापुर के डॉ सतीश शर्मा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष बने

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर

आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ भीलवाड़ा द्वारा रविवार को एकीकृत आयुर्वेद चिकित्सालय अहिंसा सर्किल पर चुनाव संपन्न हुए। जिसमें सभी पदाधिकारी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया ।

जिला अध्यक्ष पद पर डॉ सतीश शर्मा , राजपत्रित अधिकारी संघ प्रतिनिधि के लिए डॉक्टर संजय नगर और महा समिति सदस्य हेतु डॉक्टर श्याम सुंदर स्वर्णकार एवं डॉ विनीत जैन को सभी ने निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इस अवसर पर प्रांतीय प्रतिनिधि पर्यवेक्षक के रूप में सहायक निदेशक एवं जिला अरबी जिला अध्यक्ष चिकित्सा संघ डॉक्टर चेतन प्रकाश सेन और निर्वाचन अधिकारी के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर सत्यनारायण शर्मा उपस्थित रहे। उपस्थित सभी चिकित्सक गणों ने सभी को इसी तरह सहयोग का आश्वासन दिया इस अवसर पर चिकित्सा प्रभाव चिकित्सालय प्रभारी डॉक्टर जी एल शर्मा डॉक्टर संजय शर्मा ओम प्रकाश शर्मा ज्ञानेंद्र डॉक्टर ज्ञानेंद्र गोयल, दीपिका व्यास ,लक्ष्मी शर्मा डॉक्टर हरीश केडिया ,ओमप्रकाश , भंवरा गणेश नगर एवं सहायक निदेशक भीलवाड़ा रामस्वरूप शर्मा आदि उपस्थित रहे।




# सावन मास की तैयारियों को लेकर मंदाकिनी महादेव मंदिर में बैठक, कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

### 9 अगस्त को निकलेगी कांवड़ यात्रा, 17 अगस्त को निकाली जाएगी महाकाल की भव्य सवारी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



सावन माह के धार्मिक आयोजनों की तैयारियों को लेकर मंदाकिनी महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं एवं मंदिर समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में श्रावण मास के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि श्रावण मास के दौरान नियमित रूप से रुद्राभिषेक एवं रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। वहीं 9 अगस्त को सुबह 9 बजे मंदाकिनी महादेव मंदिर से तिलस्वां महादेव तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी।

इसके अलावा 17 अगस्त को दोपहर 2 बजे मंदाकिनी महादेव मंदिर से भगवान महाकाल की भव्य सवारी निकालने का भी निर्णय लिया गया। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में जितेंद्र सिंह चौहान, सुनील जोशी, बजरंग सिंह, शंभु सिंह, दीपक जोशी, दीपांशु चित्तौड़ा, आशीष सोमानी, विकास राठौड़, गिरीश सोनी, लक्ष्मण सिंह तंवर सहित अन्य श्रद्धालु एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# सिंधी सेंट्रल पंचायत चुनावः लीलाराम सबनानी के समर्थन में जुटा जनसमर्थन, चुनाव प्रचार का श्रीगणेश

## संत कंवरराम धर्मशाला में हुई बैठक, संतों का आशीर्वाद लेकर समाजजनों से मांगा सहयोग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




सिंधी सेंट्रल पंचायत के आगामी चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी लीलाराम सबनानी के समर्थन में रविवार शाम सिंधु नगर स्थित संत कंवरराम धर्मशाला में समाजजनों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लेकर चुनाव को लेकर सुझाव दिए और एकजुटता का संदेश दिया।
सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने बताया कि बैठक का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चुनाव की रणनीति तैयार करना तथा संगठन को मजबूत करना था। बैठक के बाद समाजजनों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर लीलाराम सबनानी ने कहा कि समाज की एकता, सहयोग और सहभागिता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी समाजबंधुओं से चुनाव में सहयोग और समर्थन देने की अपील की।
इधर, रविवार को लीलाराम सबनानी ने अपने चुनाव प्रचार अभियान का भी विधिवत श्रीगणेश किया। उन्होंने हरी शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर, उत्तर क्षेत्र झूलेलाल मंदिर, पूज्य गोविंद धाम दरबार तथा इच्छापूर्णी दुर्गा माता मंदिर (पारो माता) पहुंचकर संत-महात्माओं का आशीर्वाद लिया।
संतों ने उन्हें समाज सेवा के मार्ग पर निरंतर कार्य करने और सफल होने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान सबनानी ने समाज की एकता, विकास और सहयोग की भावना के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराते हुए सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का भरोसा दिलाया।

# स्वयं को जीतने वाला ही बनता है जिनेश्वर परमात्मा : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी

## चातुर्मास प्रवचन में आत्मविजय, इंद्रिय संयम और निर्भयता का दिया संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी ने कहा कि संसार को जीतना आसान हो सकता है, लेकिन अपने मन, इंद्रियों, इच्छाओं और विकारों पर विजय प्राप्त करना सबसे कठिन साधना है। जिनेश्वर परमात्मा ने किसी बाहरी शक्ति को नहीं, बल्कि अपने भीतर के राग, द्वेष, मोह और कषायों पर विजय प्राप्त कर जिनेश्वर पद हासिल किया।
वे रविवार को शांतिभवन में चातुर्मास के तहत आयोजित धर्मसभा में 'नमो जिनाणं, जिय भयाणं' के सामूहिक जाप के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।
युवाचार्यश्री ने कहा कि जब तक मनुष्य बाहरी आकर्षणों और विषय-विकारों में उलझा रहता है, तब तक उसकी आत्मसाधना सफल नहीं हो सकती। तीर्थंकरों ने राजवैभव और सांसारिक सुखों का त्याग कर संयम एवं प्रव्रज्या को अपनाया, ताकि आत्मचेतना जागृत हो सके और मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो।
उन्होंने कहा कि 'जिय भयाणं' का अर्थ केवल बाहरी भय से मुक्त होना नहीं, बल्कि भय के मूल कारणों पर विजय प्राप्त करना है। जिसने मन, इच्छाओं और आसक्तियों को साध लिया, उसके भीतर से भय स्वतः समाप्त होने लगता है।
युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी ने कहा कि आत्मविजय से ही स्थायी प्रसन्नता और निर्भयता प्राप्त होती है। यह आनंद धन, पद या प्रतिष्ठा से नहीं, बल्कि भीतर के विकारों पर नियंत्रण और आत्मशुद्धि से मिलता है। आत्मविजय प्राप्त व्यक्ति का व्यक्तित्व और व्यवहार दूसरों के लिए भी प्रेरणा बन जाता है।
उन्होंने श्रद्धालुओं से आत्मशुद्धि, इंद्रिय संयम, क्षमा, मैत्री और सद्वृत्तियों को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यही मार्ग मनुष्य को बहिरात्मा से अंतरात्मा और अंततः परमात्मा की ओर ले जाता है।
धर्मसभा से पूर्व संतवृंद एवं साध्वीवृंद के सान्निध्य में सामूहिक जाप हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।
शांतिभवन के मंत्री नवरतनमल भलावत ने बताया कि सोमवार से प्रतिदिन सुबह 8:45 से 10 बजे तक युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी एवं साध्वीवृंद के प्रवचन होंगे। साथ ही धर्मचक्र तप का भी शुभारंभ किया जाएगा।

# मित्र की स्मृति में महा रक्तदान शिविर, 396 यूनिट रक्त संग्रह

## कारगिल विजय दिवस पर सेना को जरूरत पड़ने पर देशभर में रक्तदान का लिया संकल्प

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



मित्रता, समाज सेवा और राष्ट्रभक्ति का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए ओम उज्ज्वल संस्थान की ओर से रविवार को पांसल में दिवंगत मित्र ओम अहीर की जयंती पर महा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 396 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।
शिविर का शुभारंभ हाथी भाटा आश्रम के महंत संत दास जी महाराज के सान्निध्य में हुआ। बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। संस्थान ने कहा कि दिवंगत प्रियजनों की स्मृति को समाज सेवा और जरूरतमंदों का जीवन बचाकर सार्थक बनाया जा सकता है।

**सेना के लिए रक्तदान का संकल्प**

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर संस्थान ने भारतीय सेना के सम्मान में महत्वपूर्ण संकल्प लेते हुए घोषणा की कि सेना को जब भी और जहां भी रक्त की आवश्यकता होगी, संस्थान के स्वयंसेवक अपने निजी खर्च पर पहुंचकर रक्तदान करेंगे।
संस्थान के अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान के प्रति यह संकल्प श्रद्धांजलि और कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मित्र की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर और सेना के प्रति यह प्रतिबद्धता समाज में सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करेगी।

**रक्तदाताओं का किया सम्मान**

शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, सुवाणा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, मांडल मंडल अध्यक्ष भेरूलाल गाडरी, पूर्व प्रधान गोपी सारस्वत, सत्यनारायण पारीक, गोपालनाथ, जिला मंत्री लादूलाल जाट, सत्यनारायण शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

# डॉ. अम्बेडकर मित्र परिषद ने 15 मेधावियों का किया सम्मान, 55 विद्यार्थियों को बांटी स्टेशनरी किट


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




डॉ. अम्बेडकर मित्र परिषद, खटीक समाज भीलवाड़ा के तत्वावधान में रविवार को राधा कृष्ण मंदिर परिसर में 10वां निशुल्क स्टेशनरी वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों एवं राज्य-राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 खिलाड़ियों का प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर आर्थिक रूप से कमजोर 55 छात्र-छात्राओं को निशुल्क स्टेशनरी किट वितरित की गई। वक्ताओं ने शिक्षा और खेल को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए परिषद की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में परिषद अध्यक्ष महावीर खोईवाल, सचिव विनोद पटेल, कोषाध्यक्ष राजकुमार खोईवाल सहित समाज के पदाधिकारी, भामाशाह एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# पुलकसागरजी महाराज के चातुर्मास की शुरुआत में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## 2 अगस्त को मंगल कलश स्थापना, 3 अगस्त से होंगे नियमित प्रवचन





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचंद पेसवानी।** धर्मनगरी भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास के लिए पधारे राष्ट्र संत एवं प्रख्यात प्रवचनकार पूज्य गुरुदेव पुलकसागरजी महाराज के मंगल प्रवेश के बाद रविवार को सूर्यमहल परिसर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं गुरु दर्शन, गुरु पूजन और धर्म चर्चा के लिए पहुंचे।
श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, शास्त्रीनगर के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास के तहत सुबह गुरु पूजन के बाद गुरुदेव ने धर्म चर्चा में संयम, संस्कार, आत्मचिंतन और धर्ममय जीवन का संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने धर्म एवं जीवन से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका गुरुदेव ने सरल शैली में समाधान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नव्या जैन के मंगलाचरण से हुआ, जबकि शास्त्रीनगर महिला मंडल ने गुरु भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।
चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि चातुर्मास का विधिवत शुभारंभ 2 अगस्त को मंगल कलश स्थापना समारोह के साथ होगा। इससे पहले 1 अगस्त को चित्रकूटधाम में गुरु गुणानुवाद महोत्सव आयोजित होगा, जिसमें भजन, गुरु पूजन एवं पाद प्रक्षालन के कार्यक्रम होंगे।
समिति के सह संयोजक लोकेश अजमेरा ने बताया कि 3 अगस्त से प्रतिदिन सुबह 8:30 से 10 बजे तक सूर्यमहल परिसर में नियमित प्रवचन होंगे। वहीं 15 से 30 अगस्त तक चित्रकूटधाम में ज्ञान गंगा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। चातुर्मास में राजस्थान सहित मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली समेत देशभर से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

QUICK BITES

## शिक्षाविद् घनश्याम सोनी का हुआ सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**



**मानव तिवाड़ी ।** कस्बे के सामाजिक संगठन युवा शक्ति क्लब द्वारा आयोजित 'गुरु वंदन' कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं दीर्घकालीन योगदान के लिए वरिष्ठ शिक्षाविद् घनश्याम सोनी का श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।
ज्ञातव्य है कि घनश्याम सोनी पिछले लगभग 42 वर्षों से शिक्षा जगत की सेवा कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में हजारों विद्यार्थियों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त की है। उनके द्वारा शिक्षित अनेक छात्र आज चिकित्सक, अभियंता, शिक्षक, पटवारी तथा विभिन्न प्रशासनिक एवं अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्रों में अपनी उल्लेखनीय सेवाओं से समाज का गौरव बढ़ा रहे हैं। घनश्याम सोनी का संपूर्ण जीवन शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहा है। ऐसे प्रेरणास्रोत शिक्षक का सम्मान करना समाज के लिए गौरव एवं नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का विषय है।
कार्यक्रम के दौरान क्लब के सदस्यों ने उनका अभिनंदन करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर युवा शक्ति क्लब के गजेंद्र सिंह चौहान, प्रवीण विजयवर्गीय, नरेश सिंह तंवर, एकलिंग कोली, सुनील खटीक, धर्म सिंह पंवार, गौरव शर्मा,मनीष धाकड़ उपस्थित रहे।

## सनातन धर्म रक्षा महासंघ में रमेशलाल भील बने मांडलगढ़ विधानसभा अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**



**शुभम ।** सनातन धर्म रक्षा महासंघ ने संगठन का विस्तार करते हुए मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए नई नियुक्ति की है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चक्रेश महाराज एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महावीर प्रसाद सोलंकी की अनुशंसा पर मोगरवासा निवासी रमेशलाल भील को मांडलगढ़ विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया गया।
रमेशलाल भील सामाजिक कार्यों एवं सनातन धर्म के प्रति उनकी सक्रिय निष्ठा को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के दौरान उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। साथ ही सनातन धर्म के 16 संस्कारों एवं वैदिक परंपराओं का पालन करते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया गया।
महासंघ के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि रमेशलाल संगठन के संविधान के अनुरूप कार्य करते हुए सनातन समाज के उत्थान एवं संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं भी दी गईं।

## महिलाओं को बताए कानूनी व मौलिक अधिकार, विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**




**मानव तिवाड़ी ।** तालुका विधिक सेवा समिति, की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देशन में रविवार को बिजौलिया में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पैरा लीगल वॉलंटियर अंजली नायक ने महिलाओं को उनके कानूनी एवं मौलिक अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, कानूनी सहायता तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में माया देवी, संतोष देवी, पिंकी देवी, ज्योति देवी, अंजू देवी, गीता देवी, टीना देवी, मोना देवी, काली देवी, शानू, जिया, किंचल, माही सहित कई महिलाओं ने भाग लेकर कानूनी जानकारी प्राप्त की।

## साहित्यकारा ऋतु चतुर्वेदी को मिलेगा 'श्री अशोक कुमार सक्सेना भारतीय अध्यात्म-दर्शन-विभूषण साहित्य सम्मान'

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



विशिष्ट साहित्यकारा ऋतु चतुर्वेदी को उनके उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान के लिए 'श्री अशोक कुमार सक्सेना भारतीय अध्यात्म-दर्शन-विभूषण साहित्य सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 9 अगस्त 2026 को त्रिसुगंधी साहित्य, कला एवं संस्कृति संस्थान, उदयपुर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में प्रदान किया जाएगा।
संस्थान की संस्थापक एवं अध्यक्ष आशा पाण्डेय 'ओझा' ने बताया कि ऋतु चतुर्वेदी को उनकी चर्चित कृतियों 'गीतामिय-काव्य कुंभ' एवं 'मानस-गीतामिय' के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। दोनों पुस्तकों को पाठकों एवं साहित्य प्रेमियों का व्यापक स्नेह और सराहना मिली है। सम्मान समारोह में ऋतु चतुर्वेदी को सम्मान राशि, प्रशस्ति-पत्र, श्रीफल, उपरणा तथा पारंपरिक पागड़ी भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। संस्थान ने कहा कि यह सम्मान भारतीय अध्यात्म, दर्शन और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले साहित्यकारों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।